an>

Title: Regarding exploitation of businessmen in Jalaun Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : सभापति महोदय, मेरे अपने लोक सभा क्षेत्र जालौन, गरौठा, भोगनीपुर के जनपद कानपुर देहात के नगर-पालिका पुखराया में, वहां जिले के प्रशासन द्वारा व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है और पांच व्यापारियों को बिना बताए, उनकी दुकानों को ध्वस्त कर दिया गया, न उन्हें कोई नोटिस दिया गया जिससे उनका लाखों का सामान नष्ट हो गया है। सभापति जी, वहां के व्यापारी वहां पर आंदोलन कर रहे हैं। जिला प्रशासन ने नगर-परिषद के ऊपर दवाब डालकर करीब 135 नोटिस और दुकानदारों को दे दिये हैं। जिस रोड के किनारे उनके मकान बने हैं उन मकानों की उनके पास रजिस्ट्री है और वह रजिस्ट्री 50-60 साल पहले उन्होंने कराई थी। जिनके मकान ध्वस्त किये गये हैं उनके पास रजिस्ट्री है, वे हाउस-टैक्स देते हैं लेकिन उसके बाद भी उनके मकान ध्वस्त कर दिये गये हैं। जिन मकानों को बाद में नोटिस दिये गये हैं उनके पास भी रजिस्ट्रियां हैं लेकिन जिला प्रशासन अपनी मनमानी पर उतारू है और वह जनता की कोई बात नहीं सुन रहा है। हमारा कहना है कि पहले उनकी जांच करा ली जाए। व्यापारियों का एक प्रतिनिधि मंडल उनसे जाकर मिला था और जिस दिन व्यापारी मिले, उसी दिन प्रशासन ने ये नोटिस दिये।

सभापति जी, जिस रोड का यह अतिक्रमण हटाने की बात कह रहे हैं उसे जनता उपयोग करती है, नगरपालिका उपयोग करती है और वह मेन-रोड भी नहीं है। मेन रोड कानपुर से झांसी ◌ं असी-बाई-पास बन चुका है वहां बाहर से सारे वाहन निकलते हैं। सभापति जी, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अपील करता हूं कि उस नगरपालिका क्षेत्र में कोई अप्रिय घटना न घटे, इसलिए इसे केन्द्र सरकार अपने संज्ञान में ले और उसकी जांच कराए। जनता और व्यापारियों के ऊपर हो रहे उत्पीड़न को समाप्त कराए।